
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

**4 - 11– 2022**

**FRIDAY**



## 1. DRDO ने इंटरसेप्टर एडी-1 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया



बैलेस्टिक मिसाइल, लड़ाकू जहाज और दुश्मन के विमानों को वायुमंडल के सबसे उच्चतम स्तर तक निशाना बनाकर खत्म करने के हथियार को विकसित करने में भारत को बड़ी सफलता मिली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने दिनांक 02 नवंबर, 2022 को ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लार्ज किल एल्टीट्यूड ब्रैकेट के साथ फेज़- ॥ बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) इंटरसेप्टर एडी-1 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया । अलग-अलग स्थानों पर स्थित बीएमडी हथियार प्रणाली के सभी अंगों की भागीदारी के साथ यह उड़ान परीक्षण किया गया था ।एडी-1 एक लंबी दूरी की इंटरसेप्टर मिसाइल है जिसे लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ-साथ विमानों के लो एक्सो-एटमॉस्फेरिक और एंडो-एटमॉस्फेरिक इंटरसेप्शन दोनों के लिए डिज़ाइन किया गया है । यह दो चरणों वाली सॉलिड मोटर द्वारा संचालित है और मिसाइल का लक्ष्य तक सटीक रूप से मार्गदर्शन करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित उन्नत नियंत्रण प्रणाली, नेविगेशन और गाइडेंस एल्गोरिदम से लैस है ।इस उड़ान-परीक्षण के दौरान सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुसार प्रदर्शन किया और उनका सत्यापन फ्लाइट डेटा को कैप्चर करने के लिए तैनात रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग स्टेशनों सहित अनेक रेंज सेंसर द्वारा कैप्चर किए गए डेटा द्वारा किया गया ।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एडी-1 के सफल उड़ान परीक्षण से जुड़ी डीआरडीओ तथा अन्य टीमों को बधाई दी । उन्होंने इसे दुनिया के बहुत कम देशों के पास उपलब्ध उन्नत तकनीकों के साथ एक अनूठी तरह का इंटरसेप्टर करार दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह देश की बीएमडी क्षमता को और अधिक मजबूत करेगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने इस सफल परीक्षण पर अपनी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह इंटरसेप्टर उपयोगकर्ताओं को बढ़िया अभियानगत लचीलापन मुहैया कराएगा और अलग-अलग प्रकार के कई लक्ष्यों पर निशाना साधने की क्षमता रखता है ।

## 2. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'लाडली लक्ष्मी योजना 2.0' का किया शुभारंभ




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना 2 का आज शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के भी जिलों में एक रोड का नाम "लाड़ली लक्ष्मी पथ" रखने का ऐलान किया। उन्होंने कहा की आज मेरे जीवन का महत्वपूर्ण दिन है। मेरी बेटियां बड़ी होकर मध्यप्रदेश का भविष्य बनाने वाली हैं। बेटियों से ही जिंदगी है इसलिए हमने तय किया 52 जिलों में उनके नाम पर 52 पथ होंगे। देश व दुनिया में शायद पहली बार हो रहा है कि लाड़ली लक्ष्मियों के लिए वाटिका बनाई गई है। उन्होंने कहा की मेरी लाडली बेटियां,अपना भविष्य बनाने के साथ प्रदेश व देश का भाग्य भी गढ़ने में अपना योगदान देंगी। मैं अपनी लाडलियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देता हूं।आज आप मेरी खुशी का अंदाजा लगा नहीं सकते। सचमुच में आज मैं गदगद हूं, प्रसन्न हूं और मेरा रोम-रोम पुलकित है।आज वह लाड़ली बेटियां सामने बैठी हुई हैं जो कॉलेज की पढ़ाई शुरू कर रही हैं। यह वह बेटियां हैं जिनमें से कई को मैंने गोद में खिलाया है। एक ही कोख में बेटा भी आता है बेटी भी आती है। एक ही भगवान ने हमें बनाया है। भगवान ने तो भेदभाव नहीं किया।हमारी भारतीय संस्कृति ऐसी है कि जिसने हमेशा मां बहन और बेटी को सम्मान दिया है। भगवान वहीं रहेंगे जहां मां, बहन, बेटी को इज्जत और सम्मान की नजर से देखा जाता

है।बेटी करुणा है, बेटी दया है, बेटी ममता है, बेटी प्रेम है। बेटी स्नेह और आत्मीयता है। लेकिन बेटियों को बहुत सहना पड़ा है। कई जगह कोख को क़त्लखाना बना दिया गया।यह देखकर मन रोता था, आत्मा रोती थी। लेकिन मन में भाव जरूर आता था कि कुछ ना कुछ तो करना चाहिए।

### 3. CVC 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 मना रही है



मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले के तुरा में मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा द्वारा "नागरिक जुड़ाव और संचार कार्यक्रम" शुरू किया गया था। मेघालय सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किए हैं और जनता के बड़े लाभ के लिए सूचना का प्रसार किया जाना चाहिए।नागरिक जुड़ाव और संचार कार्यक्रम" कार्यक्रम का उद्देश्य सभी योजनाओं की जमीनी स्तर पर पैठ बनाना है ताकि सभी पहलुओं में शासन में सुधार हो सके। यह कार्यक्रम जनता के बीच बहुत जरूरी जागरूकता पैदा करेगा ताकि लोगों को सरकार द्वारा शुरू की जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सही जानकारी मिल सके। मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने टीम को खुद को संवेदनशील बनाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे सभी उपलब्ध योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक कर सकें।

### 4. शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2020-21 के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन श्रेणी सूचकांक पर रिपोर्ट जारी की



जम्मू-कश्मीर से अलग होने वाले केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने एक साल में ही स्कूली शिक्षा में देशभर में सबसे अधिक सुधार किया है। एक साल पहले तक प्रदेशों की प्रदर्शन श्रेणी सूचकांक रिपोर्ट (परफार्मेंस ग्रेडिंग रिपोर्ट) में सबसे निचले स्तर ( 10 वां लेवल) पर रहने वाले लद्दाख को 2020-21 में बेस्ट परफारमेंस का दर्जा मिला है। चंडीगढ़, पंजाब, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश ने विभिन्न मानकों को पूरा करके बेहतर प्रदर्शन के चलते पहली बार लेवल-दो हासिल किया है। खास बात यह है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली में लगभग 14.9 लाख स्कूल, 95 लाख शिक्षक और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लगभग 26.5 करोड़ छात्रों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणाली बन गई है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने बृहस्पतिवार को राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों का वर्ष 2020-21 का प्रदर्शन श्रेणी सूचकांक (पीजीआई) जारी किया है। यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्कूली शिक्षा प्रणाली के साक्ष्य आधारित व्यापक विश्लेषण का एक विशिष्ट सूचकांक है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में स्कूली शिक्षा की सफलता के संबंध में प्रदर्शन, उपलब्धियों और डेटा के आधार पर यह पीजीआई तैयार किया गया है। पीजीआई का मुख्य उद्देश्य साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा देना और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम सुधार को रेखांकित करना है। इससे पहले स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए पीजीआई रिपोर्ट जारी की है।

### 5. गुजरात में बन रहा विश्व का सबसे बड़ा पांडुलिपि ग्रंथालय



गुजरात में शंखेश्वर के श्रुतितीर्थ प्राच्य विद्यापीठ में मानविकी, व्याकरण, विज्ञान, धर्म, संस्कृति, अध्यात्म आदि विषयों से जुड़ी प्राचीन पांडुलिपियों के संकलन और संरक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसमें सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत आने का अनुमान है।पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए यहां चातुर्मास से कर रहे तपागच्छीय जैन मुनिश्री हेमश्रमण विजय गणिवर्य ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विद्यापीठ में 25000 से अधिक पांडुलिपि उपलब्ध हैं और अब तक 10 हजार से अधिक पांडुलिपियों का संरक्षण और संशोधन किया जा चुका है। पांडुलिपि ग्रन्थालय में मानविकी, विज्ञान, धर्म, आध्यात्म आदि क्षेत्रों की एक लाख से अधिक पुस्तकें पांडुलिपियों को संशोधित कर संरक्षित किया जा रहा है उनमें प्राचीन शैली में तैयार जयपुर के दीर्घायु सांगानेर कागज एवम ओडिशा के ताम्रपत्र पर हाथ से बनी स्याही का इस्तेमाल कर कलम से पांडुलिपियों का पुनर्लेखन कर संरक्षित करने का काम चल रहा है। कि जिन ग्रंथों का पुनर्लेखन हो रहा है उनमें संस्कृत, प्राकृत, व्याकरण, काव्य कोश, न्याय, लिपिज्ञान, शिक्षा आदि का कार्य भी शामिल है। कि यह दुनिया का सबसे बड़ा पांडुलिपि ग्रंथालय होगा। इस काम से पांडुलिपियों के संरक्षण के साथ ही देववाणी संस्कृत, भारतीय संस्कृति तथा इतिहास की रक्षा हो सकेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए इन पांडुलिपियों को अनमोल धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा जा सकेगा। गुजरात में बन रहा यह ग्रंथालय दुनिया का सबसे बड़ा पांडुलिपि संस्थान होगा। जैनमुनिश्री प्राचीन धरोहर को एक जगह लाने और इनकी खोज के लिए यहां सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में उपलब्ध पांडुलिपियों की जानकारी हासिल कर रहे हैं। 25 वर्षों में पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए वह 25 हजार किलोमीटर की यात्रा कर चुके है। हाल में उन्होंने शंखेश्वर से दिल्ली की 1000 किलोमीटर की यात्रा 36 दिनों में पूरी की और अब आठ नवंबर से गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र के लिए पैदल विहार करेंगे।**उपलब्ध है।कि पुस्तकालय में जिन**

## 6. देश में पहली बार CRPF ने IG पद पर की महिला अधिकारी की नियुक्ति




केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के इतिहास में पहली बार दो महिला अधिकारियों को महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। आईजी सीमा धुंडिया सीआरपीएफ के बिहार सेक्टर की प्रमुख होंगी, जबकि आईजी एनी अब्राहम रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) का नेतृत्व करेंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ का अपनी महिला योद्धाओं को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है, जिसने 1986 में देश में पहली बार सभी महिला बटालियन को खड़ा करने का गौरव हासिल किया है। दोनों 1987 में बल में शामिल हुईंसंयोग से सीमा धुंडिया और एनी अब्राहम 1987 में बल में शामिल होने वाली महिला अधिकारियों के पहले बैच में शामिल थीं। दोनों का शानदार करियर चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं, उपलब्धियों और प्रशंसा के साथ चिह्नित था।धुंडिया ने संवेदनशील क्षेत्रों में सेवाएं दीं आईजी सीमा धुंडिया ने देशभर में अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में राष्ट्र को अपनी सेवाएं प्रदान की हैं और बल की दूसरी महिला बटालियन को बढ़ाने में सक्रिय रूप से शामिल थीं। वह लाइबेरिया में संयुक्त राष्ट्र मिशन में पहली बार महिला गठित पुलिस इकाई (एफपीयू) की कमांडर भी रहीं और आरएएफ में डीआईजी के रूप में कार्यरत थीं।

## 7. दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच शुरू हुआ 'विजिलेंट स्टॉर्म' अभ्यास



कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव लगातार बढ़ रहा है। सोल और वॉशिंगटन बड़े पैमाने पर संयुक्त हवाई अभ्यास कर रहे हैं। इससे उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में बैठे किम जोंग उन नाराज है। गुरुवार को उत्तर व दक्षिण कोरिया ने एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइलें दागी थीं। हालांकि, इनसे कोई जनधन की कोई हानि नहीं हुई, लेकिन खतरा बढ़ गया।दक्षिण व उत्तर कोरिया के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। दक्षिण कोरिया की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने उत्तर कोरिया के 180 लड़ाकू विमानों को खदेड़ दिया। इस बीच, दक्षिण कोरिया व अमेरिका के बीच जारी सैन्य अभ्यास 'विजिलेंट स्टॉर्म' की भी मियाद एक दिन बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसी अभ्यास के चलते उत्तर कोरिया के सैन्य शासक किम जोंग उन चिढ़े हुए हैं और वे लगातार मिसाइल परीक्षण कर आक्रामक रुख दिखा रहे हैं। कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव लगातार बढ़ रहा है। सोल और वॉशिंगटन बड़े पैमाने पर संयुक्त हवाई अभ्यास कर रहे हैं। इससे उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में बैठे किम जोंग उन नाराज है। गुरुवार को उत्तर व दक्षिण कोरिया ने एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइलें दागी थीं। हालांकि, इनसे कोई जनधन की कोई हानि नहीं हुई, लेकिन खतरा बढ़ गया। एक मिसाइल दक्षिण कोरिया के समुद्री क्षेत्र में गिरी तो दूसरी जापान से होते हुए प्रशांत महासागर में गिरी। इससे जापान व दक्षिण कोरिया को अलर्ट जारी करना पड़ा।

## 8. निर्वाचन आयोग ने गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की




गुजरात में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। गुजरात में विधानसभा चुनाव 1 और 5 दिसंबर को होंगे और 8 दिसंबर को मतगणना होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान के बेहतर अनुभव के लिए, 1274 मतदान केंद्रों का प्रबंधन पूरी तरह से महिला और सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। 182 मतदान केंद्रो पर मतदाताओं का लोक निर्माण विभाग स्वागत करेगा। पहली बार 33 मतदान केंद्रों की स्थापना और प्रबंधन सबसे कम उम्र के मतदान कर्मचारी करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में निर्वाचन आयोग की तरफ से मोरबी की दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों और शोकाकुल परिजनों के प्रति शोक और संवेदना प्रकट किया और कहा कि हम प्रार्थना करते हैं कि मृतकों की आत्मा को शांति मिले। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार गुजरात विधानसभा चुनाव में 4.6 लाख नए वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि दिव्यांगों के लिए विशेष पोलिंग बूथ की व्यवस्था की गई है, राज्य में सभी पोलिंग बूथ ग्राउंड फ्लोर पर ही रहेंगे। चुनाव आयोग ने एक बड़ा ऐलान कर कहा कि इस बार के गुजरात चुनाव में किसी भी मतदाता द्वारा शिकायत करने पर 100 मिनट में जवाब दिया जाएगा। सी-विजिल एप पर वोटर शिकायत कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी जानकारी दी कि 18 फरवरी 2023 को गुजरात विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है।

**ONE LINER**

**हाल ही में आईसीएआर-गन्ना प्रजनन संस्थान की पहली महिला निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया हैं-डॉ. जी हेमाप्रभा**

केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है।
सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 की थीम क्या है- करप्शन फ्री इंडिया फॉर अ डेवलप्ड नेशन
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को हर साल किस दिन को 'भारतीय भाषा दिवस ' मनाने का निर्देश दिया है -11 दिसंबर
हाल ही में 'India Chem 2022' सम्मेलन की मेजबानी कौन सा शहर कर रहा है -नई दिल्ली
हाल ही में किस राज्य सरकार की 'लक्ष्मी भंडार' योजना को 'स्कॉच' पुरस्कार दिया गया हैं -पश्चिम बंगाल
हाल ही में किस देश ने अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 'मेंगटियन' नामक लैब मॉड्यूल लॉन्च किया -चीन
हाल ही में किस लेखक ने जिनेवा में अपनी नवीनतम पुस्तक 'न्यूक्लियराइजेशन ऑफ एशिया ' का विमोचन किया है -रेने नाबा
हाल ही में रक्षा सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है -गिरिधर अरमाने

## QUIZ

**1. दिवंगत अभिनेता पुनीत राजकुमार को किस पुरष्कार से सम्मानित किया गया?**
a) पम्पा पुरस्कार
b) पद्मा भूषण
c)राज्योत्सवा प्रशस्ति
d)कर्नाटक रत्न

**2. हाल ही में किस देश ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का परीक्षण किया है?**
a)अमेरिका
b) ऑस्ट्रेलिया
c)नेपाल
d)उत्तर कोरिया

**3. हाल ही में पंजाब किंग्स ने किसे फ्रेंचाइजी का सहायक कोच नियुक्त किया है?**
a)शेन वाटसन
b) ब्रैड हैडिन
c)ब्रेट ली
d)ब्रैड होज

**4. भोपाल में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में किसे समग्र साहित्यिक और कलात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया?**
a)आलोक प्रसाद उपाध्याय
b) नर्मदा प्रसाद उपाध्याय
c)संगम प्रसाद उपाध्याय
B)अशोक प्रसाद उपाध्याय

**5. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ईटानगर के होलोंगी में स्थित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नाम बदलकर क्या रखने के लिए मंजूरी दी?**
a)डोनी कोलो हवाई अड्डा, ईटानगर
b) डोनी पोलो हवाई अड्डा, ईटानगर
c)डोनी ओलो हवाई अड्डा, ईटानगर
d)डोनी सोलो हवाई अड्डा, ईटानगर

**6.अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा (आईएफआर) में भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना किस देश में पहुंची?**
a)इंडोनेशिया
b)फिलीपिंस
c)जापान
d)नीदरलैंड

**7.किस राज्य में मुख्यमंत्री द्वारा "नागरिक जुड़ाव और संचार कार्यक्रम" शुरू किया गया था?**
a)दिसपुर
b)गांधीनगर
c)मेघालय
d)मिजोरम